## एक नजर में



### हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सहकारी बैंक में तिरंगा रंगोली बनायी गई

**बालाघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय में कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में पी. जोशी प्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत जिला सहकारी बैंक कार्यालय में तिरंगा रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही संदेश दिया गया कि 13 से 15 अगस्त तक सभी व्यक्ति अपने घरो पर तिरंगा झण्डा लगाए और घरो के आस-पास स्वच्छता बनाए रखे।

### आज अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई क्षति की राहत राशि करेंगे वितरण

बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि और बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों जैसे जनहानि, पशुहानि, मकान क्षति एवं अन्य क्षति के लिये प्रभावितों को 8 अगस्त को सिंगल क्लिक के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राहत राशि वितरित करेंगे और हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पौरवाल ने बताया कि प्रदेश के जिलों में मानसून काल वर्ष 2025 में प्राकृतिक आपदा एवं अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति के प्रभावितों को राहत राशि वितरित की जा रही है।

### समूह की महिलायें कर रही हैं राखी का विक्रय

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत मनोबल महिला आ जीविका संकुल के समूह की महिलाओं द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर राखियों की दुकान प्रारंभ की गई है। ग्रामीण महिलाओं के समूह को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं उनके द्वारा तैयार सामग्री को बाजार उपलब्ध कराने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में यह काउंटर प्रारंभ किया गया है।

**अवैध शराब** | **आबकारी विभाग और पुलिस प्रशासन कर रहा शराब माफियाओं की गुलामी**

# रजेगांव में धड़ल्ले से चल रहा अवैध शराब का कारोबार

**शराब ठेकेदार गांव-गांव बिकवा रहा अवैध शराब, पुलिस-आबकारी विभाग है मौन**




**नवभारत, किरनापुर।** जिले के कोने-कोने में अवैध शराब ब्रिकी का कारोबार खूब फलफूल रहा है। लेकिन संबधित आबकारी विभाग और पुलिस हाथ में हाथ धरे बैठी है। शराब कारोबारियों ने अपने पैकरो के जरिये गांव गांव महखाना बना रखा है। इसके अलावा सुरा प्रेमी सार्वजनिक स्थलों पर भी बैठकर जाम झलकाते आसानी से देखे जाते है। यही वजह है कि अधिकांश सडको के किनारे शराब की बोतले व प्लास्टिक के गिलास व चखना के पाऊच गिरे पड़े दिखाई देते हैं।

सूत्र बताते है कि रजेगांव शराब दुकान से कई बार चौपहिया वाहन व दोपहिया वाहन शराब लेकर निकलते है और उन वाहनो के जरिये हीं महाराष्ट्र की सिमा में जाकर वहाँ के ग्रामो में एंव बालाघाट के ग्राम हट्टा, भानेगांव, किरनापुर,पाथरी जैसे दर्जनों ग्रामो में पैकरो तक शराब पहुंचाई जाती है। जिस पर अंकुश लगाने में पुलिस और आबकारी विभाग विफल हो रहा है। कही ना कही दोनों विभाग के अधिकारी-कर्मचारी का सटिक तालमेल या बल की कमी होने का हवाला देकर जिम्मेदारियों से दूर भागा जाता है। प्रशासनिक सुस्ती और राजनैतिक पैठ भी प्रभावी दिखाई दे रही है। जिसके चलते ही दर्जनों गांवो में रजेगांव शराब दुकान से जगह जगह शराब आसानी से मिल जाती है। देशी-विदेशी शराब दुकान के अलावा कई गांवो में बेखौफ अवैध तरीके से शराब की बिक्री हो रही है। जिससे शराब दुकानो व ठेकेदारो की खपत बढ़ रही है।

सूत्रों से मिली ताजी जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती ग्राम रजेंगांव से अवैध शराब बिक्री का खूब बोलबाला चल रहा है। जहाँ क्षेत्र के कई गांवो में अवैध शराब बिक रही है। सूत्रों ने बताया की शराब माफियाओ के कुछ पैकरो के द्वारा अवैध रूप से अपनी दुकानों एंव घरो से पक्की शराब बेचीं जाती है। लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती। आबकारी विभाग के अधिकारी और पुलिस को सुचना देना भी कारगर साबित नहीं होता, क्योंकि आबकारी और पुलिस मेहकमे द्वारा कार्यवाही नहीं की जाती।

अक्सर देखा जाता है कि जिस परिवार का मुखिया शराब का आदि हो चुका होता है, उस परिवार में कलेश आये दिन बढता व सुनने मिलता है। हालात ऐसे है कि बच्चो की परवरिश की चिंता लिये महिलाएं देहाडी मजदूरी करने बाध्य हो जाती है और उनके पति शराब की चुसकियो में डूबे रहते है।

अंत में परिणाम यही निकल आता है कि बात ही बात में परिवार में विवाद उत्पन्न होता है। यहां विडम्बना की बात यह है कि आबकारी विभाग हमेशा कच्ची शराब को पकडने में अपनी ड्यूटी निभाता नजर आता है।

जो कही ना कहीं शराब ठेकेदार के ईशारो पर ही कार्यवाही होती है और यह सुचना भी देशी-विदेशी शराब दुकान से संबंध रखने वाले पैकरो के जरिये ही पहुंचती है। गांवो में अपने कब्जे में शराब रखने वाले पैकरो के खिलाफ कोई कार्यवाही देखने नही मिलती है। समाज के जागरूक व बुद्धजीवियों का भी अब यह कहना सामने आ रहा है कि जगह-जगह धड़ल्ले से बिक रही शराब के कारोबार को देखकर यही लगता है कि आबकारी विभाग और पुलिस थाने, शराब ठेकेदारों से बंध चुके है और उनका कर्तव्य लाचार हो चुका है। बालाघाट जिले की सभी तहसीलों में लायसेंस धारी शराब ठेकेदार सारे नियम कायदो को ताक पर रखकर गांव गांव शराब पहुचाकर आम लोगो को शराब के सेवन का आदी बना रहें है। यह बात अलग है कि सरकार को सर्वाधिक राजस्व शराब विक्रय पर मिलता है लेकिन इसका मतलब यह नही होना चाहिये कि हर घर में शराब आसानी से पहुंच जायें। सरकार भी शराब की दूकानो रहवासी क्षेत्रो दूर सचांलन की अनुमति देती है। लेकिन शराब ठेकेदार अपनी राजनीतिक पैठ के जरिये इस छूट का नाजायज फायदा उठाकर अनैतिक लाभ अर्जित करने की होड में लगे हैं।

# सीईआर कॉरपोरेट पर्यावरणीय जिम्मेदारी के अंतर्गत मॉंयल का कार्य निरंतर जारी : खान प्रबंधक



**नवभारत, तिरोडी।** मायल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों के साथ-साथ पिछले कुछ दिनों में पर्यावरण जिम्मेदारी के अंतर्गत कई काम ग्राम के आसपास किये जा रहे हैं जैसे की इस बार रो वॉटर प्यूरीफायर का वितरण तिरोड़ी तहसील से लगे अन्य ग्रामों में एवं स्कूल में किया गया। रो वॉटर प्यूरीफायर का इंस्टॉलेशन निम्नलिखित जगह पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलने हेतु किया गया है। तिरोड़ी ग्राम में स्वच्छ पानी पिलाने की मॉंयल की इस पहल को ग्राम वासियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा सराहनीय कार्य का दर्जा दिया, सभी ग्राम-जिला-प्रदेश एवं देशवासियों के लिए यह बताना जरूरी समझते हुए कि रो वॉटर प्यूरीफायर ग्राम पंचायत कार्यालय तिरोड़ी के प्राधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ वार्तालाप कर विविध जगह पर जैसे की ग्राम पंचायत कार्यालय तिरोड़ी, हाई स्कूल तिरोड़ी, केंद्रीय विद्यालय तिरोड़ी एवं गवर्नमेंट स्कूल बोथवा के साथ-साथ चाकाहेटी ग्राम पंचायत को भी दो रो वॉटर प्यूरीफायर बांटे गए हैं जिसका लाभ ग्राम वासियों और स्कूली बच्चों को मिल रहा है मॉंयल हमेशा ही आसपास के ग्रामों को सहयोगात्मक दिशा में कार्य करने के लिए जागरूक रहती है इसी के चलते कॉरपोरेट एनवायरमेंटल रिस्पांसिबिलिटी (छ्श्वक्र) के अंतर्गत यह कार्य किये जा रहे हैं साथ ही अवगत कराना चाहेंगे की अप्रैल 2025 में भी गांव के बच्चों को स्किल डेवलपमेंट के अंतर्गत नेशनल लेवल के ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें गांव के बहुत से प्रशिक्षणार्थी उक्त प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त किए, मॉंयल इस संबंध में निरंतर प्रयासरत है ताकि मायल के सहयोगात्मक रवैया का आसपास के ग्रामवासी लाभ ले सके यह प्रयास आज भी निरंतर जारी है और जारी रखा जाएगा।

# स्मार्ट निवेशक वित्तीय जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं आई.क्यू.ए.सी. के तत्वाधान में वाणिज्य विभाग द्वारा स्मार्ट निवेशक वित्तीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मंचासीन प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर, मुख्य वक्ता श्री हरिशरण सिंह, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार मासुलकर का स्वागत एक-एक पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने छात्राओं को कार्यक्रम को ध्यान से सुनने व बताये गए अपने लिए उपयोगी बातों का अनुसरण करने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री हरिशरण सिंह द्वारा निवेश सबंधी विभिन्न विकल्पों एवं सेबी के बारे में जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्राध्यापकगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार मासुतकर ने किया व श्री जीवन मसराम ने आभार व्यक्त किया।

# तिरोड़ी में प्रौढ़ की पेड़ से गिरकर हुई मौत

**कटंगी।** मायॅल नगरी तिरोड़ी में एरिगेशन कॉलोनी के ठीक पीछे के जंगल में बकरी का चारा और लकड़ी (खखरी) के लिए गए एक प्रौढ़ की महुए के पेड़ से नीचे गिरकर मौत होने का अनुमान लगाया गया है. गुरूवार की शाम 04 बजे जंगल में मवेशी चराने गए एक चरवाहे ने मृतक जोशी परते को पेड़ के नीचे अचेत अवस्था में देखा और गांव पहुंचकर ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को बरामद कर लिया है. मिली जानकारी अनुसार बाजार चौक तिरोड़ी जोशी परते गुरूवार की सुबह करीब 08 बजे अपने घर से बाड़ी बनाने के लिए खखरी और बकरियों के लिए चारा यानी पेड़ की टहनियां लाने के लिए जंगल गया था. चूंकि जोशी परते के घर में केवल पति-पत्नी ही है तो ऐसे में पत्नी ने भी पति के समय पर घर नहीं आने को उतना अधिक गंभीरता से नहीं लिया।

# 760 उचित मूल्य दुकान से मिलेगा राशन

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में शासन द्वारा माह सितम्बर 2025 से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान के माध्यम से अन्त्योदय परिवार को 15 किलो गेहूँ, 20 किलो चावल एवं प्राथमिकता परिवारो को 2 किलो गेहूँ, 3 किलो चावल प्रति सदस्य की पात्रता निर्धारित की गयी है। जिले के कुल 350592 परिवारो के 1367056 हितग्राहियों द्वारा 760 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन प्राप्त किया जा सकता है। जिला आपू र्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में जिन हितग्राहियों के द्वारा नवीन पात्रता पर्ची के लिए राशन मित्र पोर्टल से आवेदन किया जा चुका है, उन हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान में जाकर पीओएस मशीन के माध्यम से परिवार के प्रत्येक सदस्यों की ई-केवायसी कराना आवश्यक है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद वारासिवनी, जिला - बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक/1985/लो.नि.वि./न.पा.प./2025, **// निविदा आमंत्रण सूचना //** वारासिवनी, दिनांक 06/08/2025

एतद् निम्नलिखित कार्य / सामग्री हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में समस्त पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों एवं शासकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिनकी अपनी स्वयं की संबंधिते फर्म हो या निमार्ता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म.प्र. सरकार का अद्यतन रूप से बिक्री कर एवं आय कर भुगतान करते हों, से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1. | क्र. 2025_UAD_442748_1 दिनांक : 07/08/2025 | Supply of Chhayadar, Faldar, Aushadhi Tree (Height 10 to 12 Feet Minimum) | समयावधि : 01 माह लागत : 5,00,000/- | नि.प्र.मूल्य : 2,000/- EMD : 5,000/- | 22/08/2025 |

नोट : - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद, वारासिवनी**


# तुलसीदास जयंती समारोह के सुधाकर शर्मा हुए सम्मानित



**नवभारत, बालाघाट।** सोनभद्र ( उत्तर प्रदेश) के श्री रघुनाथ मंदिर तीर्थ न्यास देवगढ़ ने गोस्वामी तुलसीदास - जयंती सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर बालाघाट के सुप्रसिद्ध साहित्यकार - कवि पं. सुधाकर शर्मा को वृद्धेश्वर महादेव मिर्जापुर के महंत योगानंदगिरि महाराज के हाथों सम्मानित किया! इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पंडित सुधाकर शर्मा ने गोस्वामी तुलसीदास जी की धर्मांगिनी पर केंद्रित रत्नावली प्रबंध काव्य के पद्यांश का पाठ कर गोस्वामी जी का पुण्य स्मरण किया! संगोष्ठी की अध्यक्षता सोनभद्र के साहित्यकार अजय शेखर ने की! प्रारम्भ में डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह संजय ने पंडित सुधाकर शर्मा के सृजनात्मक परिचय पर प्रकाश डाला! बाबू रामप्रसाद सिंह की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में देर तक आगंतुक कवियों - कवयित्रियों ने गोस्वामी तुलसीदास जी का श्रद्धास्मरण कर अपनी काव्यांजलि अर्पित की! रामनाथ शिवेंद्र, महेंद्र सिंह सहित उपस्थित रसज्ञ श्रोताओं ने संगोष्ठी के संयोजक/ आयोजक को सफलता हेतु बधाई दी।




# एनएचआरसी ने बालाघाट प्रशासन को लगाई फटकार

## आदिवासी महिला को आवास योजना से वंचित रखने का मामला

**नवभारत, कटंगी।** पठार क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, माननीय राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संग्रामपुर हमेशा गाँव अंतर्गत कुड़वा ग्राम पंचायत की आदिवासी महिला कविता मर्सकोले से जुड़े मानवाधिकारों के कथित घोर उल्लंघन पर बालाघाट के ज़िला मजिस्ट्रेट को एक अंतिम अनुस्मारक जारी किया है। कविता मर्सकोले दो साल पहले अपने कच्चे घर के ढहने के बाद से बेघर हो गई हैं।

सदस्य प्रियांक कानूनगो की अध्यक्षता में आयोग ने पीड़िता कविता मर्सकोले की ओर से ह्यूमनराइट्स लॉयर कपिल ए फुले द्वारा दायर एक शिकायत याचिका के बाद *मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 12 के तहत मामले का *संज्ञान* लिया। शिकायत में इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि पंचायत अधिकारियों को बार-बार अपील और लिखित प्रस्तुतियों के बावजूद, पीड़िता कविता मर्सकोले को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कोई सहायता प्रदान नहीं की गई।

एनएचआरसी ने पाया कि ज़िला मजिस्ट्रेट बालाघाट से 22 मई 2025 को मांगी गई कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर), जिसकी अंतिम तिथि 15 जून 2025 थी, समय सीमा समाप्त होने के बाद भी प्रस्तुत नहीं की गई। परिणामस्वरूप, दिनांक 4 अगस्त 2025 को सुनवाई करते हुए एनएचआरसी ने अब अपनी रजिस्ट्री को एक अंतिम अनुस्मारक भेजने का निर्देश दिया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि यदि चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है, तो मानवाधिकार अधिनियम की धारा 13 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

माननीय आयोग ने कहा, शिकायत याचिका में लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया पीड़िता के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन प्रतीत होते हैं, और इस बात पर ज़ोर दिया कि पीड़िता कविता मर्सकोले और अपने बच्चों के लिए आश्रय, सम्मानपूर्वक जीवन जीने के मौलिक अधिकारो का हनन हुआ है।

शिकायत याचिका के अनुसार, अनुसूचित जनजाति से ताल्लुक रखने वाली पीड़िता कविता मर्सकोले 2023 में अपने घर के ढहने के बाद से बिना किसी उचित आश्रय के रह रही थीं। कथित तौर पर, उनकी विकट स्थिति के बावजूद उन्हें स्थानीय सरकारी अधिकारियों से कोई सहायता नहीं मिली, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा हुई और उनके बच्चों की शिक्षा बाधित हुई। पीड़िता ने आगे अपनी जनजातीय पहचान होने के आधार के कारण भेदभाव का आरोप लगाया और दावा किया कि पंचायत अधिकारियों ने जानबूझकर उनकी दलीलों को नज़रअंदाज़ किया।

एनएचआरसी की कार्रवाई स्थानीय शासन निकायों को कल्याणकारी योजनाओं को समान रूप से लागू करने की उनकी ज़िम्मेदारी के बारे में एक कड़ा संदेश देती है, खासकर हाशिए पर पड़े और आदिवासी समुदायों के लिए।

एनएचआरसी ने जिला मजिस्ट्रेट, बालाघाट को आरोपों कीविस्तृत जाँच रिपोर्ट और कार्रवाई रिपोर्ट बिना किसी और देरी के प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।एनएचआरसी की प्रक्रिया के अनुसार, जवाब न देने पर उसकी सिविल कोर्ट की शक्तियों के अनुसार समन या अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह मामला एक बार फिर सरकारी योजनाओं के अंतिम छोर तक क्रियान्वयन में प्रणालीगत खामियों और भारत के सबसे कमजोर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में सख्त जवाबदेही की आवश्यकता को उजागर करता है।

### वार्ड क्रं .24 में नपा निधि से हुआ सीसी सड़क का भूमिपूजन

**बालाघाट।** केन्द्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार में नगरपालिका के माध्यम से शहर के वार्डो का समग्र विकास हो रहा है, योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है यही हमारी सरकार की प्रतिबद्धता और जनकल्याण के लिये कृत संकल्पित है। युवाओं के लिये भर्ती के अवसर खोले गये है जबकि मुख्यमंत्री युवा उद्यामी योजना से युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। शहर के वार्डो में सड़क, नाली-नाला निर्माण, अधोसंरचना के कार्य पूर्ण हो रहे है। उक्ताशय की बातें ओबीसी कल्याण आयोग सदस्य मौसम बिसेन ने 6 अगस्त को नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा निधी से वार्ड क्रं. 24 में बनने जा रही सीसी सड़क के भूमिपूजन अवसर पर कही।वार्ड क्रं. 24 में देवेन्द्र मल्ला मेश्राम के घर से श्री जैतवार के घर से होते हुए भवानी के घर तक 250 मीटर सीसी सड़क कलागत 24.03 लाख का निर्माण नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा किया जा रहा है।6 अगस्त को भूमिपूजन अवसर पर नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्डो के विकास के लिये हम बिना भेदभाव के नगर के समग्र विकास के लिये प्रतिबद्ध है सुविधाओं से लाभान्वित करने का क्रम निरंतर जारी है और आगे भी बना रहेगा।